टेंपो की ठोकर से बुजुर्ग सब्जी बिक्रेता की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 22 को किया घंटों जाम, सरेन मोड़ पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर की आगजनी

मखदुमपुर। टेहटा पेट्रोल पंप के समीप सरेंन मोड़ पर रविवार की शाम अज्ञात टेंपो की ठोकर से एक बुजुर्ग सब्जी विक्रेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सरेंन गांव निवासी कृष्णा महतो उर्फ मौलवी जी (65 वर्ष) के रूप में हुई है। वह टेहटा बाजार में ठेले पर सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पटना-गया एनएच को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा महतो रविवार की शाम टेहटा बाजार में सब्जी बेचने के बाद ठेला लेकर अपने गांव सरेन लौट रहे थे। इसी दौरान सरेन मोड़ के पास



सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार अज्ञात टेंपो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। हादसे से नाराज लोगों ने पटना-गया एनएच पर आगजनी कर यातायात बाधित कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सरेंन मोड़ पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब तक दर्जनों लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद वर्षों से की जा रही ओवरब्रिज निर्माण की मांग पर कोई ठोस पहल नहीं हुई है।



सामाजिक कार्यकर्ता कारू यादव पंचायत के मुखिया सविता देवी ने कहा कि सरेंन मोड़ दुर्घटना का केंद्र बन गया है। ग्रामीण लंबे समय से यहां ओवरब्रिज निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सूचना मिलने पर टेहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम के कारण एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस पदाधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

बर्थडे पार्टी में बुलाकर डांसर के साथ गैंगरेप

बिहारशरीफ। लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले में बर्थडे पार्टी के बहाने आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक डांसर युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पार्टी में शामिल दो युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से जबरन दुष्कर्म किया। इस पूरी घटना में कुल आठ लोग शामिल थे। सदर डीएसपी वन अमरनाथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। शहर के घनी आबादी वाले इलाके में इस तरह की सनसनीखेज घटना के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया जाता है कि शिवपुरी मोहल्ले के एक मकान में कुछ युवक किराये पर रहते हैं और उस मकान में उनके अलावा अन्य कोई किराएदार नहीं रहता है। इन्हीं में से एक युवक का जन्मदिन था, जिसके जश्न के लिए पार्टी आयोजित की गई थी। इस पार्टी में डांस कार्यक्रम के वास्ते आर्केस्ट्रा में काम करने वाली दो युवतियों को बुलाया गया था। पीड़िता के मुताबिक, दोनों युवतियां जब तय

पुलिस ने चार आरोपित को दबोचा

कमरे पर पहुंचीं, तो वहां पार्टी में शामिल अन्य युवक भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश दूसरी युवती वहां से चली गई, जिसके कुछ घंटे बाद पार्टी के दौरान कमरे में मौजूद दो युवकों ने पीड़िता के साथ इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

घटना की भनक लगते ही सदर डीएसपी वन अमरनाथ और लहेरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय दलबल के साथ फौरन मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को भांपते हुए एफएसएल की टीम को भी तुरंत घटनास्थल पर बुलाया गया।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

बाजार जाने के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

रुन्नीसैदपुर। थाना क्षेत्र के बेलसंड -रुन्नीसैदपुर पथ पर विवाह भवन के समीप शनिवार देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर गांव निवासी जयकिशोर मंडल के 18 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है।

प्राप्त सूचना अनुसार संजीव शनिवार देर शाम को अपने घर से बाइक पर सवार होकर रुन्नीसैदपुर बाजार जा रहा था। इसी दौरान चकदोनई गांव स्थित एक विवाह भवन के समीप रुन्नीसैदपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुन्नीसैदपुर लाया गया जहां चिकित्सक डॉ. जरीन फातिमा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंचे अवर निरीक्षक अविनाश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया। थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए

बिहारशरीफ में पटाखों के अवैध गोदाम पर प्रशासन ने की छापेमारी

बिहारशरीफ। दीपावली और त्योहारी सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में बिहार थाना क्षेत्र के नेकु मियां फाटक के समीप स्थित एक मार्केट में पटाखों से भरे अवैध गोदाम पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। जब्त किए गए पटाखों की अनुमानित बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि इस गोदाम में बिना किसी वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में पटाखों का अवैध तरीके से भंडारण किया गया था। बिहार थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोदाम संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से पटाखों का स्टॉक किया।

तनिष्क ज्वेलरी स्टोर में आभूषण चोरी का खुलासा, कैशियर गिरफ्तार

16 लाख से अधिक के स्वर्ण आभूषण बरामद, पुलिस ने भेजा जेल

हाजीपुर (आससे)। नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में बिलिंग में हेराफेरी कर हुए स्वर्ण आभूषण चोरी कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है।

पुलिस ने शोरूम के कैशियर को गिरफ्तार कर उसके पास से 16 लाख रुपये से अधिक के आभूषण बरामद किए हैं।

रविवार को सदर एसडीपीओ-01 सुबोध कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि शोरूम के फ्रेंचाइजी ओनर ने नगर थाना में आवेदन देकर कर्मी पर सुनियोजित वित्तीय अनियमितता और गबन का आरोप लगाया था। आवेदन पर नगर थाना कांड संख्या 1056/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए ने तकनीकी अनुसंधान और



वरीय पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देश पर एसडीपीओ सदर-01 के नेतृत्व में थानाध्यक्ष नगर के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। टीम सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया।

जांच के दौरान शोरूम के कैशियर मो. इरफान पर संदेह गहराया। पूछताछ में उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर बागमली स्थित आशियाना कॉलोनी के किराए के मकान से एक जोड़ा सोने का कंगन 38.34 ग्राम और एक सोने की चैन 63.42 ग्राम तथा एक मोबाइल जब्त किया गया। अनुसंधान में पता चला कि वह फर्जी भुगतान को सिस्टम में अपडेट कर आभूषण फर्जी ग्राहकों के नाम पर डिलीवर दिखाकर गबन करता था। गिरफ्तार अभियुक्त मो. इरफान, पिता मो. समीम, पहाड़ीचक, सोनपुर, सारण का निवासी है। बरामद कंगन की कीमत करीब 6.37 लाख और चैन की करीब 10.48 लाख रुपये आंकी गई है।

वर्गीकृत

शपथ-पत्र

मैं मासूम राज उर्फ विवेक कुमार, पिता-दीपक कुमार, ग्राम महुआ सिंहराय, महुआ, वैशाली का निवासी हूँ। मेरी बजाज लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी सं. 0233565040 में विवेक कुमार और आधार सं. 5036 9597 7994 पर मासूम राज नाम अंकित है। मासूम राज एवं विवेक कुमार, पिता दीपक कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा इसी नाम से जाने एवं पहचाने जाते हैं, इस नाम का कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।

शपथ पत्र

मैं, शिवानी कुमारी, पुत्री मनोज कुमार उर्फ मनोज ठाकुर, निवासी ग्राम मुकुंदपुर सिंघाड़ा, पोस्ट-सिंघाड़ा, थाना महुआ, जिला वैशाली, शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मैंने CBSE बोर्ड से वर्ष 2023 में मैट्रिक तथा 2025 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में पिता का नाम MANOJ THAKUR अंकित है, जबकि आधार के अनुसार सही नाम MANOJ KUMAR है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

AFFIDAVIT

I, Anil Kumar S/o Vaidhnath Ray R/o Gorhia Chaman P.S-Warishpur P.O- Bhagwanpur. Dist- Vaishali Pin- 844114 Bihar do hereby solemnly affirm and declare That I am permanent residing of above said address. My son birth certificate and school record written as Amit sel. His Aadhar card mention as Ankit Raj. Ankit Raj and Amit sel both are same and one person. That from now he will be known as Amit sel for all future purpose. Vide affidavit no-6091 Dated-03.10.2026

शपथ-पत्र

मैं, बिमला शंकर प्रसाद, पिता-गौरी शंकर प्रसाद, पूर्व सीपीएल, सेवा संख्या 242591B, निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना-बिहिया, जिला भोजपुर (बिहार)। वर्तमान पता डोमगढ़ सिंदरी, जिला धनबाद, झारखंड। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेख में मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद एवं पीपीओ में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती मंजू तथा जन्मतिथि 28/05/1975 दर्ज है। जबकि उनके आधार 619669526194 में सही नाम मंजू सिन्हा एवं जन्मतिथि 01/10/1955 है। मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद, श्रीमती मंजू एवं मंजू सिन्हा एक ही व्यक्ति हैं। इसलिए सेवा अभिलेख एवं पीपीओ में सही नाम एवं जन्मतिथि संशोधित कराने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथ पत्र संख्या 5081, 24/10/2026, आरा, भोजपुर
9/482/26

SAVE
Trident Spinoff Project 10
सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075, सीआईएन: U65929DL2016PTC304877
ई-मेल: cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रुप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 2013 के नियमों के तहत निगमित और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- एमएफआई के रुप में पंजीकृत- पंजीकरण संख्या: एन-14.03377 का प्रमाणपत्र दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 के माध्यम से है। एतद्द्वारा घोषणा करता है कि सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- विजय कुमार, चकमहिला वार्ड नंबर-16, हाई स्कूल रोड चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार 843302 में स्थित हमारी सीतामढ़ी शाखा, 01 दिसंबर 2026 से नई जगह सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- रनिकु सिंह, पत्नी-राजेश कुमार सिंह, ग्राम मधुबन, पोस्ट चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार, पिन नंबर 843302 में पुनः स्थापित किया जाएगा। और सभी ग्राहक सेवाएँ और पत्राचार ऊपर बताए गए नए शाखा पते पर जारी रहेगी। मौजूदा शाखा से सभी ग्राहकों के खाते, अभिलेख और अन्य विवरण आसानी से नई शाखा में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थान: सीतामढ़ी
दिनांक: 02-11-2026
डीआईएन: 01857072

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

14 साल के मोहित की हत्या में मां गिरफ्तार

प्रेम संबंध के विरोध में रची गयी हत्या की साजिश

तरारी (भोजपुर)। मां की ममता को दुनिया का सबसे पवित्र और निस्वार्थ रिश्ता माना जाता है। मां अपने बच्चों की खुशियों के लिए हर दर्द सहती है और उनकी जिंदगी बचाने के लिए अपनी जान तक दांव पर लगा देती है। लेकिन भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के दुर्गपुर गांव में सामने आए 14 वर्षीय मोहित राज हत्याकांड ने ममता के इसी पवित्र रिश्ते को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस के प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि मृतक की मां मानती देवी का गांव के ही संतोष कुमार से प्रेम संबंध था। मोहित इसका विरोध करता था, जिसको लेकर मां-बेटे के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी रंजिश में मां के इशारे पर संतोष



कुमार ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोहित की हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक की मां मानती देवी को गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जानकारी पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने दी। मोहित दुर्गपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू सिंह का 14 वर्षीय पुत्र था। वह आठवीं कक्षा का छात्र था। 27 अक्टूबर मंगलवार की शाम वह करथ गांव स्थित एटीएम से छह हजार रुपये निकालने गया था। घरवालों को क्या पता था कि घर से निकला उनका लाडला फिर कभी लौटकर नहीं आएगा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन 28 अक्टूबर की सुबह उसका शव करथ गांव स्थित बिरहर करहा के समीप बरामद हुआ।

चोरी के मोबाइल और चांदी की पायल के साथ युवक गिरफ्तार

गयाजी। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामानकी चोरी एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ, सीपीडीएस और जीआरपीकी संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीमने गया रेलवे स्टेशन से एक युवक को चोरीके मोबाइल फोन और चांदी जैसी धातु की पायल के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद सामानकी कुल अनुमा. नित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारीके अनुसार, 1 नवंबर को आरपीएफ पोस्ट गया के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देशन में आरपीएफ, सीपीडीएस गया।

चनावे मंडल कारा में जिला प्रशासन ने की छापेमारी

थावे। थावे प्रखंड के चनावे स्थित मंडल कारा में शनिवार की रात जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की।सदर एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिस बल की टीम ने जेल के सभी खंडों और वार्डों की सघन तलाशी ली। करीब तीन घंटे तक चले छापेमारी अभियान के दौरान जेल परिसर में हड़कंप मचा रहा।

हालांकि तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन की टीम शनिवार की रात करीब 11:30 बजे चनावे मंडल कारा पहुंची।इसके बाद जेल के विभिन्न वार्डों और अन्य स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। रात करीब ढाई बजे तक चली छापेमारी के दौरान गांधी वार्ड, अस्पताल, महिला वार्ड, बुजुर्ग वार्ड और किचेन सहित सभी खंडों की जांच की गई।

अधिकारियों ने जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए विभिन्न वार्डों में तलाशी ली।छापेमारी अभियान के दौरान जेल में बंद कैदियों के बीच हड़कंप मचा रहा।

जिला प्रशासन की टीम ने जेल के प्रत्येक वार्ड और परिसर के विभिन्न हिस्सों की जांच की।करीब तीन घंटे तक चले तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

छापेमारी अभियान में सदर एसडीपीओ चंदन कुमार,हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी सोमेश मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार, लाइन डीएसपी सुबोध कुमार, डीएसपी नीरव पाल,जेल अधीक्षक सत्येंद्र सिंह जेलर सोहन कुमार ,सीओ सुधीर कुमार ओंकारा,सीओ रजत वर्णवाल, थावे थानाध्यक्ष विभा कुमारी, नगर थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर,उचकागांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, मीरगंज थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस के जवान के साथ जेल प्रशासन शामिल रहे।

बस से कुचलकर मजदूर की मौत, सड़क जाम

नवादा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नहर के समीप रविवार को तेज रफ्तार सरकारी बस की टक्कर से 40 वर्षीय मजदूर मुरारी पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक मूल रूप से बेगूसराय जिले के रहने वाले थे। वह परिवार का भरण-पोषण करने के लिए नवादा में रहकर एक बोरा फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। रविवार को भदौखर से फैक्ट्री जाने के दौरान पटना की ओर जा रही एक सरकारी बस ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुरारी पासवान अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर बस चालक पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

AFFIDAVIT

I, Munwa Kumari W/o Ram Naresh Prasad R/o Vill+Post-Madhopur P.S- Bakhtiyarpur Dist- Patna Pin - 803212 do hereby solemnly affirm and declare that I am permanent residing of above said address. In my Aadhar card mention as Munna Devi. My husband P.P.O my name is mention as Munwa Kumari. Munna Devi and Munwa Kumari both are same and one person. That from now I will be known as Munwa Kumari for all future purpose. Vide affidavit no-6092, Dated- 03.10.2026

AFFIDAVIT

I, Braj Kishor Tiwari S/o Ram Naresh Tiwari R/o Jasoiya Village-Saira P.O- Jakhim P.S-Paithu Dist- Aurangabad Bihar 824122 do hereby solemnly affirm and declare that I am permanent residing of above said address. My son in Aadhar card mention as Khushhal kumar. His Educational certificate mention as Ayush Kumar. Khushhal kumar and Ayush Kumar both are same and one person. That from now he will be known as Ayush Kumar for all future purpose. Vide affidavit no-33 Dated-03.10.2026

भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

कुचायकोट। कुचायकोट जमीन के एक पुराने विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया।विशंभरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी मटिहनिया गांव में पुराने भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इस दौरान चाकूबाजी की घटना में एक किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान तिवारी मटिहनिया गांव निवासी सुदामा तिवारी और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।दोनों घायल को परिवार वालों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट ले गए।वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सुदामा तिवारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया,जबकि किशोर प्रिंस कुमार का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

छेर नदी के डायवर्सन पर फिर टला बड़ा हादसा

शाहपुर (भोजपुर) (आससे)। शाहपुर-बनाही मार्ग पर छेर नदी पर निर्माणाधीन पुल के लिए बनाया गया



डायवर्सन पानी मे डूब गया है। इसके बावजूद लोग जान जोखिम मे डालकर आवागमन कर रहे हैं। डायवर्सन से गुजर रहे एक बाइक पर सवार दो लोग पानी के तेज बहाव मे बहने लगे। गनीमत रही कि दोनों लोग बाइक छोड़कर बाहर निकल गये। लेकिन बाइक नदी मे बह गई। बाद मे ग्रामीणों की मदद से रस्सी के माध्यम से बाइक को बाहर निकाला गया। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण छेर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से डायवर्सन पूरी तरह डूब गया है। नदी मे पानी का बहाव भी तेज हो गया है। ऐसे में बिहिया और शाहपुर जाने वाले लोग जान जोखिम में डालकर डायवर्सन पार कर रहे हैं। बक्सर जिले के ब्रह्मपुर क्षेत्र के देवकुली से बनकट जा रहे बुजुर्ग समेत दो लोग स्प्लेंडर बाइक से डायवर्सन पार कर रहे थे। इसी बीच तेज बहाव के कारण बाइक असंतुलित होकर नदी मे बहने लगी।

दोनों सवार बाइक छोड़कर डायवर्सन से बाहर निकल गये। बाद मे ग्रामीणों ने बाइक को बाहर निकाला। विदित हो कि पहले भी इस डायवर्सन पर कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन और सरकार ध्यान नहीं दे रही है। स्कूल के बच्चों से लेकर आम राहगीरों तक को परेशानी उठानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 1 सितंबर 2026 को डायवर्सन से गुजरने के दौरान बाइक सवार तीन लोग नदी मे बह गए थे। उनमे से दो युवकों सचिन रवानी और संदीप रवानी की मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रशासन को लोगों का काफी आक्रोश झेलना पड़ा था।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

तिलरथ (आससे)। एचएच २८ पर शनिवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गया। बाइक सवार लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। उनमें एक की मौत घटना के तत्काल बाद हो गयी। सूचनानुसार घटना बरौनी थाना के बरौनी पिपरा देवस के निकट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य में लग गयी। मृतक की पहचान पिपरा देवस नया टोला वार्ड नं०-०५, निवासी ४० वर्षीय भोला महतो पिता विष्णुदेव महतों के रूप में की गयी है। जबकि घायल बाइक सवार-मुंगेर निवासी तूफानी के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गयी।

दिल्ली में महनार के युवक की संदिग्ध मौत, गांव में कोहराम

महनार। महनार थाना क्षेत्र के चकेशो गांव निवासी 35 वर्षीय युवक की दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में



मौत हो गई। रविवार को उसका शव गांव स्थित घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और मां के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। घटना की खबर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मृतक के घर पहुंच गए। परिजन युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं।

मृतक की पहचान अल्लीपुर हट्टा पंचायत के चकेशो वार्ड संख्या-2 निवासी महेंद्र राय उर्फ भालो राय के पुत्र बिरजू राय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बिरजू पिछले कई वर्षों से दिल्ली के अशोक नगर में रहकर टोटो रिक्शा चलाता था। इसी से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब दो महीने पहले ही वह गांव से दिल्ली गया था। परिजनों के अनुसार, घटना की रात बिरजू ने फोन पर परिवार के सदस्यों से बातचीत की थी। इसके अगले दिन गुरुवार की सुबह दिल्ली पुलिस ने उसका शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया। हालांकि, उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। परिजन उसकी हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं। बिरजू तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उसकी मौत से पत्नी समता कुमारी, मां राम दुलारी देवी और पिता महेंद्र राय सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, लोजपा नेता अमरेश सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोगों की गयी जान

बछवाड़ा (आससे)। थाने अलग-अलग जगहों पर पिछले २४ घंटे के अंदर हुई सड़क हादसों में चार लोगों की जान गयी। खबर के अनुसार अरवा-कादराबाद सड़क चिमनी के पास शनिवार की संध्या में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए पहुँचाया। जिसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में एक युवक दम तोड़ दिया। एक युवक की इलाज करायी जा रही है। युवक की पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के बागर निवासी शंभू तांती के करीब २३ वर्षीय पुत्र मुरारी कुमार के रूप में की गई है।

बागमती नदी के जल स्तर में अचानक बढ़ोतरी से अतरार-वभनगामा रोड पर परिचालन बंद

औराई (आससे)। बागमती के जलस्तर में अचानक देर रात्रि बढ़ोतरी होने से अतरार- वभनगामा सड़क पर



पानी चढ़ने से आवागमन बंद, वहीं कटरा पीपा पुल बंद। जलस्तर में अचानक वृद्धि होने से मधुबन प्रताप स्थित अर्ध निर्मित चचरी पुल क्षतिग्रस्त होकर बह गई। वहीं कई जगह चौर में पानी बहने की खबर से किसान परेशान होते दिखे। खरीफ की तैयार फसलों को नुकसान होने का अंदेशा है, व औराई कटरा सीमा पर स्थित मोहनपुर स्लुईस गेट खुला होने के कारण बागमती के जलस्तर में उछाल होने से बागमती का पानी औराई एवं कटरा के चौर में फैलने लगा। देर शाम तक इसे बंद करने का अथक प्रयास किया जाता रहा। इस बीच शाम मे बागमती के जलस्तर में कमी दर्ज की गई। फिलहाल कटौझा में बागमती खतरे के निशान से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी।